संख्या-103/2016/1374/41-2016-49 यो0/15

प्रेषक,

शिव कुमार पाठक
उप सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिदेशक
पर्यटन, उ0प्र0,
लखनऊ।

पर्यटन अनुभाग लखनऊ दिनांक 01 सितम्बर, 2016

विषय- लखनऊ विश्वविद्यालय के फसाड लाइटिंग हेतु अवशेष धनराशि की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशालय के पत्र सं0-656/6-1-1(514) 2015-16, दिनॉक 03-08-2016 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- वित्तीय वर्ष 2014-15 में लखनऊ विश्वविद्यालय में फसाड लाइटिंग हेतु कार्यदायी संस्था उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम द्वारा प्रस्तुत आगणन के परीक्षणोपरान्त धनराशि रू0 289.54 लाख की प्रशासकीय एवं रू0 149.49 लाख (रू0 एक करोड. उन्चास लाख उन्चास हजार मात्र) की वित्तीय स्वीकृति शासनादेश संख्या-37/2015/504/41-2015-49 यो0/15, दिनांक 12.03.2016 द्वारा प्रदान की गयी है तथा वित्तीय वर्ष 2015-16 में प्रश्नगत योजना हेतु द्वितीय किश्त के रूप में रू0 50.00 लाख की वित्तीय स्वीकृति शासनादेश संख्या-50/2016/521/41-2016-49 यो0/15, दिनांक 29.03.2016 द्वारा प्रदान की जा चुकी है।

3- उक्त के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राज्य योजनान्तर्गत चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 में लखनऊ विश्वविद्यालय में फसाड लाइटिंग हेतु तृतीय एवं अन्तिम किश्त के रूप में धनराशि रू0 90.05 लाख (रू0 नब्बे लाख पांच हजार मात्र) की वित्तीय स्वीकृति श्री राज्यपाल निम्नलिखित शर्तों के अधीन सहर्ष प्रदान करते हैं-

1. स्वीकृत की जा रही धनराशि की आहरण/व्यय सुसंगत वित्तीय नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा।
2. स्वीकृत धनराशि का व्यय किसी अन्य प्रयोजन हेतु कदापि नहीं किया जायेगा एवं उक्त कार्यों को अनुमोदित लागत के सीमान्तर्गत ही किया जायेगा।
3. यदि कोई धनराशि बचती है तो उसे तत्काल शासन को समर्पित/राजकोष में जमा कराने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।
4. उक्त स्थान को पर्यटन सूची/मानचित्र में सम्मिलित किया जाय।

http://shasanadesh.up.nic.in

5. यह सुनिश्चत किया जायेगा कि उपरोक्तांकित स्वीकृत कार्यों हेतु किसी अन्य स्रोतों से धनराशि प्राप्त न की गयी हो।

4- उक्त के फलस्वरूप होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-44 के लेखाशीर्षक-5452-पर्यटन पर पूंजीगत परिव्यय-आयोजनागत-80-सामान्य-104-संवर्धन तथा प्रचार-06-हेरिटेज गोल्डेन आर्क योजना-लखनऊ-0602-स्मारकों पर फसाड लाइटिंग-24-वृहद निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

5- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय-ज्ञाप सं0 1/2016 बी0-1-746/दस-2016-231/2016, दिनांक 22 मार्च, 2016 में प्रशासकीय विभाग को प्रतिनिधानित वित्तीय अधिकारों के अधीन जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय

(शिव कुमार पाठक)
उप सचिव।

संख्या-103/2016/1374(1)/41-2016 तद् दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:

1- महालेखाकार, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
3- वित्त नियंत्रक, पर्यटन निदेशालय, लखनऊ।
4- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0 लखनऊ।
5- वित्त (व्यय) नियंत्रण अनुभाग-7 ।
6- श्री राजा राम वेब अधिकारी, पर्यटन विभाग को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि इसे वेब-साइट पर अंकित करना सुनिश्चित करें।
7- गार्ड-फाइल।

आज्ञा से,

(विनय कुमार सिंह)
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in